कार्यालय, प्राचार्य श्री बी.आर.मिर्धा राजकीय महाविद्यालय, नागौर
दूरभाष नं. 01582–240853 ईमेल आई. डी. sbrmprincipal@gmail.com

# छात्रनिधि से राशि व्यय करने की अनुमति का प्रपत्र

1. महाविद्यालय का नाम – श्री बी.आर. मिर्धा राज. महा., नागौर
2. स्थापना वर्ष – 1969
3. यू.जी.सी. द्वारा मान्यता (2 एफ व 12बी) का वर्ष – 17.06.1972
4. क्या महाविद्यालय रूसा योजनाओं से लाभान्वित होने की श्रेणी में सम्मिलित है – हाँ
5. वर्तमान में छात्रनिधि कोष में जमा राशि (लाखों में) – 365.35209
6. वर्तमान में महाविद्यालय विकास समिति कोष में जमा राशि (लाखों में) – 174.17977
7. प्रस्तावित कार्य का विवरण मय तकमीना – **संलग्न है। (संलग्नक 1)**
8. प्रस्तावित कार्य के लिए स्वीकृत की जाने वाली राशि (लाखों में) – 165.92000
9. महाविद्यालय विकास हेतु गठित समिति की टिप्पणी प्रस्तावित कार्य के लिए संलग्न करें – **संलग्न है। (संलग्नक 2)**
10. प्रस्तावित कार्य की उपयोगिता पर टिप्पणी (संलग्न करें) – **संलग्न है। (संलग्नक 3)**
11. स्वीकृत की जाने वाली राशि के पश्चात छात्रनिधि कोष में शेष राशि (लाखों में) – 199.43209

दिनांक :– 20.06.2020

प्राचार्य के हस्ताक्षर मय सील
नाम :– डॉ. शंकरलाल जाखड़
मोबाईल नं. – 9460221924

# Office,The Principal SBRM Govt.College,Nagaur

**Minutes Of Meeting Procceding-**

Today an important Meeting of College Development, College Building Repair, Maintains And Water Management Committee was held in the Principal's Room on 20 December,2019 at 2:00 pm.

The following members were present;

1. Principal, Dr.Shankar Lal Jakhar-Chairperson
2. Dr.H.R.Chharang- Coordinator
3. Dr. Purnima Katyal- Member
4. Shri Surendra Kagat-Member
5. Shri Rajendra Panwar-
6. Shri Rakesh Gupta

The following points came up for discussion-

- Firstly the progress report of related works being done by College Development, College Building Repair, Maintains and Water Management Committee was presented to the principal sir.
- A discussion was made on the insufficient basic infrastructural management of sport in the college and it was decided unanimously that there is a primary need to construct of a Pavilion, 400 meter track, retiring room and other sports ground for the interest of students. For this estimation was prepared by public work department office that estimated cost 1 caror 66 lakhs rupees for all these construction.
- At many occasions efforts were made to get the fund from Bhamasah,Member Of Legislative Assembly, Members of Parliament Local Area Development Scheme (MPLAD) or Sansad Nidhi Kosh but no one was ready to give the funds.
- So unanimously it was decided to doing the work from boys funds and for this the proposal and estimation prepared by public work department office (PWD) to be sent to Commisionarate, College Education Rajasthan, Jaipur and to grant the permission to use the funds from boys funds to complete this work.

At the end the meeting was concluded with vote of thanks to the principal sir.

प्राचार्य
बी.आर.मिर्धा
सज.महा. नागौर

संलग्नक - 02

## महाविद्यालय विकास, महाविद्यालय भवन मरम्मत, संरक्षण एवं जल व्यवस्था समिति की बैठक का कार्यवाही विवरण :

आज दिनांक 20.12.19 को अपराह्न 2.0 प्राचार्य कक्ष में प्राचार्य डॉ. शंकर लाल जाखड़ की अध्यक्षता में महाविद्यालय विकास, महाविद्यालय भवन मरम्मत, संरक्षण एवं जल समिति की एक आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित रहे —

(i) डॉ. एच. आर. बरंग, संयोजक
(ii) डॉ. पूर्णिमा कत्याल, सदस्य
(iii) श्री सुरेन्द्र कागट, "
(iv) श्री सुरेन्द्र पंवार, सहायक लेखाधिकारी I
(v) श्री राकेश गुप्ता, सहायक प्रशासनिक अधिकारी

बैठक में सबसे पहले प्राचार्य महोदय को इस सत्र में महाविद्यालय विकास, भवन मरम्मत, संरक्षण एवं जल व्यवस्था से सम्बन्धित हुए कार्यों की प्रगति रिपो प्रस्तुत की गई।

बैठक में महाविद्यालय में खेल सम्बन्धी ढाँचागत व्यवस्था के अभाव पर चर्चा हुई और सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि छात्र हित में इन सुविधाओं को जिनमें 400 मीटर का ट्रैक, रिटायरिंग रूम एवं पेवेलियन निर्माण करवाना प्राथमिक आवश्यकता है। इस हेतु सार्वजनिक निर्माण विभाग नागौर द्वारा तकमीना बनवाया गया है, जिसमें इ सभी कार्यों की अनुमानित लागत 1 करोड़ 66 लाख रुपये बताई है।

विभिन्न अवसरों पर भामाशाहों, विधायक महोदय एवं सांसद विकास कोष से इन कार्यों को करवाने हेतु प्रयास किए गए लेकिन कोई भी इस हेतु धनराशि उप करवाने हेतु तैयार नहीं है।

अतः सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि यह कार्य छात्र निधि कोष से करवाना उचित रहेगा, जि लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा तैयार प्रस्ताव व तकमी, आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर को भेजकर

इस कार्य को 'छात्र निधी कोष मद' में जमा राशि से करवाने की स्वीकृति प्राप्त की जाए।

प्राचार्य महोदय को धन्यवाद ज्ञापित करने के साथ ही बैठक की कार्यवाही समाप्त हुई।

1. ..11/4/19
(डॉ. हरसुख बरेठा)

2. (राजेन्द्र पंवार)

3. पूर्णिमा काल्याल
(डॉ. पूर्णिमा काल्याल)

4. (राकेश कुमार गुप्ता)

5. (डॉ. सुरेन्द्र भागर) प्राचार्य

# प्रस्ताव हेतु बैठक

आज दिनांक 13/12/2019 को क्रीड़ा कक्ष में क्रीड़ा समिति की आवश्यक बैठक रखी गई। जिसमें खेलों के ढांचागत व्यवस्था पर विचार किया गया। समिति ने सर्व सहमति से निर्णय लिया कि महाविद्यालय की आवश्य एवं ग्रामीण लोगों के विद्यार्थियों के हितों को दृष्टिगत रखते हुये खेल क्षेत्र में ढांचागत सुधार की महत्ती आवश्यकता है। ~~जिसमें~~ अतः पवेलियन, 400 मीटर का ट्रेक, रिहायरिंग रूम एवं अन्य खेल मैदानों का निर्माण किया जाना जरूरी है।

प्राचार्य, महाविद्यालय विकास समिति से आग्रह किया जाता है कि महाविद्यालय में उपलब्ध [illegible] निधि कोष के माध्यम से ढांचागत संरचना तैयार करने हेतु सक्षम अधिकारियों को प्रस्ताव भेजा जाए।

संयोजक डा. रणजीत पूनिया ने महाविद्यालय में आयोजि खेल गतिविधियों एवं खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त करते हुये कहा कि ढांचागत सुधार होने से खेल गतिविधि को बढ़ावा मिलेगा एवं छात्रों ~~की~~ को कैरियर निर्माण में मदद मिलेगी।

1. डा. रणजीत पूनिया (संयोजक) [signature]
2. श्री सीताराम तावणी (सदस्य) [signature]
3. डा. प्रेमसिंह बुगासरा (सदस्य) [signature]

आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्ताव प्राचार्य महोदय को प्रस्तुत है।

प्राचार्य

समिति द्वारा लिये गये निर्णय पर गम्भीरता से विचार करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी

[signature] 13.12.19

**छात्र संघ कार्यालय उद्घाटन** • उच्च शिक्षामंत्री ने कॉलेज में खेल प्रोजेक्ट को मंजूरी दी

# मिर्धा कॉलेज: पेवेलियन व 400 मी. ट्रैक बनेगा, ₹1.68 करोड़ होंगे खर्च

भास्कर संवाददाता | नागौर

बीआर मिर्धा राजकीय महाविद्यालय नागौर में शनिवार को छात्रसंघ कार्यालय का उद्घाटन मुख्य अतिथि के तौर पर उच्च शिक्षा मंत्री भंवरसिंह भाटी ने किया। उन्होंने नागौर की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए उच्च शिक्षा में किए जा रहे नवाचारों में मिर्धा महाविद्यालय की उत्कृष्टता पर खुशी जाहिर की। उन्होंने मिर्धा कॉलेज के व्याख्याता प्रेम सिंह बुगासरा द्वारा चलाए गए ऑपरेशन रोहिड़ा की मंच से तारीफ की। वहीं मंत्री भाटी ने महाविद्यालय विकास के लिए एक करोड़ 68 लाख रुपए खेल विकास प्रोजेक्ट को मंजूरी देने कर घोषणा की। इस बजट से बीआर मिर्धा कॉलेज में 400 मीटर का ट्रेक, रिटायरिंग रूम, पवेलियन सहित अन्य सुविधाओं के लिए काम किया जाएगा। साथ ही महाविद्यालय में स्नातक व स्नातकोत्तर स्तर पर नवीन विषय खोले जाने का भी आश्वासन दिया। संकाय सदस्यों के रिक्त पदों को भरने व गांव-ढांणी व दूर-दराज से आए हर विद्यार्थी की हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया। [illegible] डीजी डॉ. खींयाराम बागड़िया [illegible] सतर्क व संजीदा उद्बोधन में कैम्पस को क्रान्ति का केन्द्र बताया। बागड़िया ने कहा कि सरकार में सबसे ठंडे दिमाग के मंत्री भंवरसिंह भाटी है।





नागौर. मिर्धा कॉलेज में छात्र संघ कार्यालय का फीता काट उदघाटन करते उच्च शिक्षा मंत्री भंवरसिंह भाटी एवं उपस्थित जन समूह व कॉलेज छात्र।

## प्राचार्य ने बताई कॉलेज की उपलब्धियां, उच्च शिक्षामंत्री को सौंपा मांग पत्र

अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. शंकरलाल जाखड़ ने महाविद्यालय प्रशासन द्वारा शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद, साहित्यिक क्षेत्रों में राज्य व राष्ट्र स्तर पर अर्जित उपलब्धियों से अतिथियों व श्रोताओं को अवगत कराया। डॉ. जाखड़ ने सरकार द्वारा किए जा रहे नवाचारों को पूरा करने में महाविद्यालय की महत्ती भूमिका का जिक्र करते हुए मंत्री को मांग पत्र सौंपा। छात्रसंघ अध्यक्ष श्रवण चांगल ने महाविद्यालय की समस्याओं से अतिथियों को अवगत कराया। छात्रसंघ परामर्शदाता डॉ. हरसुख छरंग ने अतिथियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय में चल रहे रूसा प्रोजेक्ट, विकास समिति कार्य व अन्य प्रक्रियाधीन प्रोजेक्ट्स से परिचय करवाया। मंच संचालन प्रो. सुरेन्द्र कागट व प्रो. पूर्णिमा झा ने किया। छात्रसंघ उपाध्यक्ष मोहन मेघवाल ने सबका आभार व्यक्त किया। छात्रसंघ महासचिव अरविन्द रेवाड़ व अनिल गहलोत ने अतिथियों के साथ मंच साझा करते हुए महाविद्यालय विकास के सुझाव रखे।

**छात्राओं ने दी नृत्य की प्रस्तुतियां:** सांस्कृतिक व साहित्यिक कार्यक्रमों की शृंखला में खुश्बू रांकावत व सीता वैष्णव के एकल नृत्यों ने भरपूर तालियां बटोरी। सरस्वती वंदना व स्वागत गीत में चंचल, मिनाक्षी, करण, प्रीतम, दीपक, धनराज व मनोज का सहयोग रहा। इस दौरान पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष हनुमान लोमरोड़, महेन्द्र भाकल, रणजीत धोलिया, जगदीश बागड़िया सहित युवाओं ने अतिथियों का स्वागत किया। अतिथियों के साथ मूंडवा प्रधान राजेन्द्र फिड़ौदा, प्रधान ओमप्रकाश सैन, मूंडवा पालिकाध्यक्ष घनश्याम सदावत, भींवाराम धतरवाल, भंवर छपारा, विजयपाल बेनीवाल, कालूराम चांगल, सुखराम डोडवाडिया, रतनलाल ईनाणियां, अब्दुल रईस मास्टर, शिवा जाट व नागौर जिले के महाविद्यालयों व एन.एस.यू.आई. के पदाधिकारी शामिल हुए। पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामेश्वर डूडी ने मिर्धा महाविद्यालय को मॉडल कॉलेज बनाने में स्वयं व उपस्थित विधायकों द्वारा पूरा करने की बात कही। डीडवाना विधायक चेतन डूडी, लाडनूं विधायक मुकेश भाकर व। परबतसर विधायक रामनिवास गावड़िया ने भी विचार रखे। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सुरेश भाकर ने महाविद्यालय प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

### खुद की कहानी बता चौधरी ने दी प्रेरणा

उपमुख्य सचेतक महेन्द्र चौधरी ने जिले में शिक्षा के क्षेत्र में सरकार द्वारा किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों को विस्तार से बताया। जिले में अधिकाधिक विकास के ध्येय को पूरा करने में सरकार व व्यक्तिगत रूप से प्रयास करने का भरोसा दिलाया। चौधरी ने कहा कि वो राजनीति की प्रथम सीढ़ी से लेकर विधानसभा तक हर बार वो दो बार चुनाव हारे तथा तीसरी बार चुनाव जीता। उन्होंने कहा कि हमेशा संघर्ष जारी रखते हुए मंजिल की ओर बढ़ना चाहिए। सफलता अपने आप कदम चूमने लगती है।

Scanned with CamScanner

# Office,The Principal SBRM Govt.College,Nagaur

**Meeting For A Proposal-**

Today on 13-12-2019 a meeting of the sports committee was held in sports Room, in which the infrastructure management of sport in the college was considered. Sports committee unanimously decided that for the necessity and interest of village students' infrastructural reform in the field of sports in the college is needed, so a Pavilion, 400 meter track, retiring room and other sports ground construction is needed.

It was requested to , Principal Mahavidyalaya Vikas Samiti that, to develop infrastructure in the field of sport from the boys fund a proposal have to be sent to the competence authority.

Sport committee Coordinator Dr. Ranjeet Pooniya expressed satisfaction over the sport activity and performance of players of the college and further added that infrastructural reform will enhance the sports activity and will build career of students of the college.

The following members were present-

1. Dr. Ranjeet Pooniya- Coordinator
2. Shri Sitaram Tandi-Member
3. Dr. Premsingh Bugasara-Member

The proposal is presented and forwarded for necessary action.

To the Principal,

The decision of sports committee will be taken seriously and Necessary action will be assured.

प्राचार्य
बी.आर.मिर्धा
राज.महा. नागौर

23/7/

राजस्थान सरकार
उच्च शिक्षा (ग्रुप–3) विभाग

क्रमांकः प. 7(3)शिक्षा/ग्रुप–3/2020 जयपुर, दिनांकः 30 JUN 2020

**–: आदेश :–**

राजस्थान राज्य छात्रनिधि नियम (राजकीय महाविद्यालय), 1970 के नियम, 4 (3) (H) के अन्तर्गत जारी आदेश दिनांक 16.12.2004 एवं व्यय प्रावधान में संशोधन कर नवीन राजं. राज्य छात्रनिधि (राजकीय महाविद्यालय) नियम, 2019 के तहत श्री बी.आर. मिर्धा राजकीय महाविद्यालय, नागौर में खेल संबंधी ढांचागत व्यवस्था (400 मीटर का ट्रेक, रिटायरिंग रूम एवं पेवेलियन का निर्माण) निर्मित करने हेतु महाविद्यालय के छात्रनिधि कोष में उपलब्ध प्रावधान में से राशि रु. 166.00 लाख (अक्षरे रुपये एक करोड़ छियासठ लाख मात्र) का व्यय किये जाने की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति इस शर्त के साथ एतद् द्वारा प्रदान की जाती है कि आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा उक्त राशि का व्यय तत्सम्बन्धी नियमों, निर्धारित प्रक्रिया की पूर्ण पालना करते हुए किया जाना सुनिश्चित करें।

यह स्वीकृति माननीय मंत्री महोदय, उच्च शिक्षा की आई.डी. संख्या रा.मं./उ.शि./2020/472 दिनांक 25.06.2020 से प्राप्त सहमति के अनुसरण में जारी की जाती है।

राज्यपाल की आज्ञा से,

(डॉ. मोहम्मद नईम)
संयुक्त शासन सचिव

**प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–**

1. महालेखाकार, लेखा एव हक, राजस्थान, जयपुर।
2. संयुक्त शासन सचिव, माननीय मुख्यमंत्री कार्यालय, राजस्थान, जयपुर।
3. विशिष्ट सहायक, माननीय उच्च शिक्षा मंत्री, राजस्थान सरकार, जयपुर।
4. निजी सचिव, शासन सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
5. निजी सचिव, आयुक्त, कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर को उनकी पत्रावली क्रमांक एफ 4(318)आयो/आकाशि/छात्रनिधि/2020 मय नोटशीट के ।
6. संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा (ग्रुप–4) विभाग।
7. वित्तीय सलाहकार, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर ।
8. जिला कलक्टर, नागौर।
9. प्राचार्य, श्री बी.आर. मिर्धा राजकीय महाविद्यालय, नागौर।
10. रक्षित पत्रावली।

संयुक्त शासन सचिव